गाजियाबाद , दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा



केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत | दैनिक | प्रातः कालीन संस्करण

दिल्ली-एनसीआर, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

● वर्ष: 27 ● अंक: 49 ● गाजियाबाद, सोमवार 19 मई, 2025 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया


### सीजेआई ने दिया संविधान के सम्मान पर जोर

## सभी स्तंभों को मिलकर काम करने की जरूरत

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान के सम्मान पर जोर दिया। बार काउंसिल महाराष्ट्र और गोवा की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह और अधिवक्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि न तो न्यायपालिका और न ही कार्यपालिका, बल्कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और इसके स्तंभों को मिलकर काम करना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश न केवल मजबूत हुआ है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मोर्चों पर भी विकसित हुआ है और ऐसा करना जारी है। भारत का संविधान सर्वोच्च है और तीनों अंगों को संविधान के अनुसार काम करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश



का बुनियादी ढांचा मजबूत है और संविधान के तीनों स्तंभ समान हैं। संविधान के सभी अंगों को एक-दूसरे के प्रति उचित सम्मान प्रदर्शित करना चाहिए। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति गवई द्वारा सुनाए गए 50 उल्लेखनीय निर्णयों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया। सीजेआई बीआर गवई ने मुंबई में चैत्यभूमि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश बनने के बाद आज मेरी पहली महाराष्ट्र यात्रा है और आज मैं चैत्यभूमि में बाबा साहेब के स्मारक पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। मैं यहां बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा हमें दिए गए संविधान के अनुसार स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और एकता के मूल्यों को आगे बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए बाबा साहेब का आशीर्वाद लेने आया हूं।

#### 14 मई को संभाला कार्यभार

जस्टिस बीआर गवई 14 मई को भारत के प्रधान न्यायाधीश बने हैं। जस्टिस गवई का कार्यकाल छह महीने का होगा। वह 23 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस बीआर गवई साल 2016 में नोटबंदी को लेकर दिए गए फैसले का हिस्सा रहे। जिसमें कहा गया था कि सरकार को करेंसी को अवैध घोषित करने का अधिकार है। इसके अलावा जस्टिस गवई बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ दिए आदेश का भी हिस्सा रहे और इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर फैसला देने वाली पीठ का भी हिस्सा रहे।

## गौरखपुर सांसद रवि किशन सहित 17 सांसदों को मिलेगा संसद रत्न पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भर्तृहरि महताब और रवि किशन सहित 17 सांसदों और दो संसदीय स्थाई समितियों को संसद रत्न पुरस्कार 2025 के लिए चुना गया है। इन पुरस्कारों की शुरूआत प्राइम पाइंट फाउंडेशन ने की थी। ये पुरस्कार सांसदों को संसद में उनके योगदान के लिए दिए जाते हैं। पुरस्कार विजेताओं का चयन राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) के अध्यक्ष हंसराज अहीर की अध्यक्षता वाली निर्णायक समिति ने किया।

महताब, सुप्रिया सुले (राकांपा शरदचंद्र पवार), एनके. प्रेमचंद्रन (रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी) और श्रीरंग अप्पा बारणे को संसदीय लोकतंत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। फाउंडेशन की ओर से जारी एक बयान में कहा



गया है कि ये चार सांसद 16वीं और 17वीं लोकसभा के दौरान शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसद थे। अपने वर्तमान कार्यकाल में भी वे ऐसा ही कर रहे हैं। अन्य पुरस्कार विजेताओं में स्मिता वाघ (भाजपा), अरविंद सावंत (यूबीटी), नरेश गणपत म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), रवि किशन (भाजपा), निशिकांत दुबे (भाजपा), विद्युत बरन महतो (भाजपा), पीपी चौधरी (भाजपा), मदन राठौर (भाजपा), सीएन अन्नादुरई (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं। विभागों से संबंधित दो स्थाई समितियों वित्त और कृषि को भी संसद में प्रस्तुत उनकी रिपोर्टों के आधार पर पुरस्कार के लिए चुना गया है। वित्त संबंधी स्थाई समिति महताब की अध्यक्षता में संसद की स्थाई समिति है, जबकि कृषि संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी हैं।

## यूपी में ऊर्जा निगम की बड़ी कार्रवाई, दो अधीक्षण और दो अधिशासी अभियंता निलंबित, 16 को चार्जशीट

**मेरठ।** राजस्व वसूली में फिसड्डी रहने और उपभोक्ताओं की शिकायतों का संज्ञान न लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड प्रबंधन कड़ी कार्रवाई कर रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ने वाणिज्यिक पैरामीटर्स में मानक के अनुरूप प्रदर्शन न करने वाले दो अधीक्षण अभियंता और दो अधीक्षण अभियंता को निलंबित कर दिया है।

चार अधीक्षण और 12 अधिशासी अभियंताओं को चार्ज शीट दी गई है। एमडी ने बताया कि कम राजस्व वसूली, लाइन हानि, ट्रांसफार्मरों की क्षतिग्रस्तता अधिक पाए जाने तथा उपभोक्ता के प्रति व्यवहार को आधार मान कर कार्रवाई की गई है। 19



वाणिज्यिक पैरामीटर्स की समीक्षा करने पर खराब रैंकिंग वाले वितरण खंडों में से विद्युत वितरण खंड-हस्तिनापुर, मेरठ और कैराना की रैंकिंग सबसे खराब पाई गई है। प्रबंध निदेशक द्वारा लगातार समीक्षा बैठक और वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के उपरांत भी प्रदर्शन असंतोषजनक पाए जाने पर अधिशासी अभियंता हस्तिनापुर भूपेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता कैराना पुनीत कुमार निगम को निलंबित किया गया है।

### अहमदाबाद से गृह मंत्री अमित शाह का पाकिस्तान को दो टूक संदेश

## आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बल की कार्रवाई की प्रशंसा की। साथ ही पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंक और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि उसने आतंकवाद नहीं रोका तो सिंधु नदी से एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। हमने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश को संबोधित किया तो उन्होंने साफ कर दिया था कि खून और पानी एक साथ नहीं बहेगा। पड़ोसी देश को चेतावनी देते हुए शाह ने कहा



कि आतंक का कारोबार रोकने तक वह सिंधु के पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस जाएगा। आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। यदि आप आतंकवाद को पनाह देना चाहते हैं तो तमाम कारोबार खत्म कर दीजिए। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर पाकिस्तान के साथ बात होगी तो वह पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) को वापस लेने और आतंकवाद को खत्म करने को लेकर ही होगी। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सेनाओं के सम्मान में गुजरात के अहमदाबाद में तिरंगा यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान उमड़ी भीड़ के बीच अमित शाह राष्ट्र ध्वज थामे जुलूस के आगे चलते दिखे। गृह मंत्री तिरंगा थामे हुए नल सरोवर चौकड़ी से एकलिंगजी रोड पर महाराणा प्रताप चौक तक पैदल चले। यहां उन्होंने 16वीं सदी के महान योद्धा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पैदल मार्च में हिस्सा लेने वालों में गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी, स्थानीय विधायक, भाजपा नेता और कार्यकर्ता तथा यहां के शिक्षक और प्राथमिक एवं माध्यमिक विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। गुजरात भाजपा ने कहा कि यात्रा में साणंद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग, सामाजिक और राजनीतिक नेता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए और भारत माता की जय के नारे लगाए तथा सशस्त्र बलों के साहस और वीरता को सलाम किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देशभर में भाजपा की ओर से सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इससे पहले अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित 'सहकारी महासम्मेलन' में अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी।

## मायावती ने आकाश आनन्द में फिर से भरी ताकत, यूपी की सियासत में भी दिखेगा दखल, बिहार चुनाव में होगा आकलन

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी में आकाश आनंद की रविवार को दमदार वापसी हो गई। बसपा सुप्रीमो मायावती ने नई दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में आकाश को चीफ नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने की घोषणा की। खास बात है कि इस बार आकाश को अधिक जिम्मेदारी दी गई है। वह देश भर में पार्टी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। उनका यूपी की सियासत में भी दखल बढ़ेगा। इस दौरान मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की घोषणा भी की। आकाश आनंद की ताकत का अंदाजा इस चुनाव में भी देखने को मिलेगा। हालांकि बसपा सुप्रीमो ने आकाश को हिदायत दी कि वह पार्टी व मूवमेंट के हित में सावधानी बरतते हुए काम करें। उन्होंने यूपी और



उत्तराखंड सरकार पर जनविरोधी रवैया व मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास से ज्यादा विध्वंस से कानून के राज का अभाव हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, सफाई व न्याय पाने की व्यवस्था बदहाल है। बसपा ही लोगों की उम्मीदों की एकमात्र किरण है। उन्होंने कहा कि सरकार जातिवादी व सांप्रदायिक तत्वों पर भी लगाम कसे, जो अपनी विषैली भाषा व हरकतों से माहौल बिगाड़ने में लगे हैं। इसके अलावा महात्मा बुद्ध और डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनादर करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए। बसपा सुप्रीमो ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए केंद्र सरकार की परिपक्वता और सेना की सराहना करते हुए कहा कि सरकार आतंकी-निरोधक उपाय भी करे, ताकि सिंदूर बचाने का दायित्व निभाया जा सके। पाकिस्तान की परमाणु ब्लैकमेलिंग नहीं सहना उचित कदम है। कश्मीर मुद्दे पर अमेरिका या अन्य किसी तीसरे पक्ष की दखल स्वीकार नहीं करने की नीति पर अमल करते रहना जरूरी है। सेना ने पाकिस्तान को उसकी भाषा में सबक सिखाया है। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आतंकी घटनाएं किसी भी कीमत पर नहीं होने दे। साथ ही, विदेश सचिव और सेना की महिला अफसर के बारे में अशोभनीय टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने सपा के वरिष्ठ नेता द्वारा भी सेना को जाति में बांटने के प्रयास को दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय करार देते हुए कहा कि सेना के पराक्रम को लेकर उल्लास की आड़ में राजनीति नहीं करनी चाहिए।

#### बहुजन वालंटियर फोर्स फिर करें एक्टिव

बसपा सुप्रीमो ने पार्टी के कार्यक्रमों में व्यवस्था व अनुशासन आदि के लिए भी अपनी पार्टी के वदीधारी बहुजन वालंटियर फोर्स (बीवीएफ) को पहले की तरह ही संगठित करने और इस्तेमाल करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि महापुरुषों के अनादर और दलित उत्पीड़न के मामलों में पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दें और सरकार से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने के प्रयास जारी रखें।

## यूपी में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार: एटीएस ने मुरादाबाद से शहजाद को दबोचा, आईएसआई को भेज रहा था गोपनीय सूचना

**लखनऊ।** एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर जासूसी करने वाले रामपुर निवासी शहजाद को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। वह आईएसआई के कई हैंडलर्स के संपर्क में था और गोपनीय सूचनाएं भेज रहा था। साथ ही, हैंडलर्स के इशारे पर आईएसआई के कई एजेंट्स को पैसा भी पहुंचाता था। वह जासूसी के लिए कुछ लोगों को पाकिस्तान भी भेज चुका है।

एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि रामपुर निवासी एक युवक भारत-पाकिस्तान की सीमा पर तस्करी का कार्य करता है, जिसे आईएसआई का संरक्षण मिला है। वह आईएसआई के लिए जासूसी करने की देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है। गहनता से जांच करने पर पता चला कि रामपुर



के टांडा स्थित आजाद नगर का रहने वाला शहजाद बीते कई वर्षों से पाकिस्तान जाता-आता है। वह चोरी छिपे भारत व पाकिस्तान के बीच कॉस्मेटिक्स, कपड़े, मसाले व अन्य सामान अवैध रूप से सीमा पार से लेकर आता है और इसकी आड़ में आईएसआई के लिए काम करता है। वह आईएसआई के एजेंट्स से लगातार संपर्क में है और देश की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं साझा की हैं।

तत्पश्चात एटीएस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और मुरादाबाद से उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रामपुर के साथ प्रदेश के कई अन्य स्थानों से भी लोगों को तस्करी की आड़ में आईएसआई के लिए काम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान भेजता था। उनके वीजा आदि का इंतजाम आईएसआई के एजेंट कराते थे। शहजाद ने भारत के खिलाफ जासूसी के लिए आईएसआई को भारतीय सिम भी उपलब्ध करवाए थे। एटीएस उसे सोमवार को अदालत के सामने पेश करेगी और रिमांड पर देने का अनुरोध करेगी।

## म्यूजिकल फाउंटेन और लेजर शो के जरिए मां पाटेश्वरी देवी की महिमा से परिचित होंगे श्रद्धालु

### मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन, मल्टीमीडिया लेजर शो, बीम प्रोजेक्शन और पानी की स्क्रीन पर वीडियो प्रोजेक्शन स्थापित करेगी सरकार

- शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पर्यटन को नई उड़ान देने जा रही योगी सरकार
- वॉयस ओवर, मूल संगीत और एनिमेशन के साथ दशार्या जाएगा मंदिर का इतिहास और महत्व
- योगी सरकार यूपी में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कर रही नवाचार

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कई नवाचार कर रही है। इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में स्थित ऐतिहासिक देवीपाटन मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए और आकर्षक बनाने की तैयारी चल रही है। सरकार यहां एक तैरता हुआ संगीतमय फव्वारा (फ्लोटिंग म्यूजिकल फाउंटेन), मल्टीमीडिया लेजर शो, बीम प्रोजेक्शन और पानी की स्क्रीन पर वीडियो प्रोजेक्शन स्थापित करने जा रही है। यह परियोजना न केवल मंदिर के सौंदर्य को बढ़ाएगी, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को एक अनूठा अनुभव भी प्रदान करेगी। सरकार का लक्ष्य है कि इस धार्मिक स्थल पर आधुनिक सुविधाओं और आकर्षणों के माध्यम से अधिक से अधिक तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं को आकर्षित किया जाए, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिले और रोजगार के अवसर बढ़ें। योगी सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत देवीपाटन मंदिर को धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र बनाने जा रही है, जिसमें तैरता हुआ संगीतमय फव्वारा रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत के साथ श्रद्धालुओं व पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करेगा। मल्टीमीडिया लेजर शो मां पाटेश्वरी की कथाओं और क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करेगा,



जबकि पानी की स्क्रीन पर 15-20 मिनट का वीडियो शो हिंदी और अंग्रेजी में पेशेवर वॉयस ओवर और एनिमेशन के साथ मंदिर का इतिहास दर्शाएगा। सरकार का विशेष जोर है कि विश्वस्तरीय ब्रांड के टिकाऊ उपकरण, जिनकी आयु कम से कम 10 वर्ष हो, इस परियोजना को और भव्य बनाएं। मात्र 180 दिनों में डिजाइन से लेकर स्थापना तक का काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसमें 30 दिन डिजाइन स्वीकृति, 60 दिन उपकरण आपूर्ति, 60 दिन स्थापना और 30 दिन सिस्टम शुरू करने में लगेंगे। इसके बाद 5 साल तक मुफ्त रखरखाव, सफाई और मरम्मत सुनिश्चित कर यह परियोजना मंदिर के सौंदर्य और पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

#### पर्यटन और स्थानीय जिले की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा

बता दें कि योगी सरकार ने प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण और पूरे परिसर का विकास, महाकुंभ मेले का भव्य आयोजन इसके प्रमुख उदाहरण हैं। देवीपाटन मंदिर में यह नई परियोजना भी इसी विजन का हिस्सा है। सरकार का मानना है कि धार्मिक स्थलों को आधुनिक और आकर्षक बनाकर न केवल देशी, बल्कि विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित किया जा सकता है। यह परियोजना धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा तो देगी ही, साथ ही बलरामपुर और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास को भी गति देगी। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से स्थानीय व्यापार, होटल और परिवहन सेवाओं को लाभ होगा। साथ ही परियोजना के निर्माण और रखरखाव में स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

#### 51 शक्तिपीठों में से एक है मां पाटेश्वरी का ये धाम

देवीपाटन मंदिर उत्तर प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है, जो मां पाटेश्वरी देवी को समर्पित है। यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है, जहां माता सती का बायां कंधा गिरा था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना महाभारत काल में पांडवों द्वारा की गई थी। मंदिर का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व इसे देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनाता है। नवरात्रि के दौरान यहां लाखों भक्त मां के दर्शन के लिए उमड़ते हैं।

# भाजपा महानगर द्वारा साहिबाबाद के शालीमार गार्डन मंडल में 'भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा' का हुआ आयोजन

## मोदी जी के नेतृत्व में भारत की वीरता, दृढ़ इच्छाशक्ति और सैन्य पराक्रम का जन उत्सव





**साहिबाबाद (हिन्द आत्मा)।** ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सफलता पर भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गार्डन मंडल में शहीद मंडल पांडेय चौक से शहीद स्थल बिजली घर तक भव्य शौर्य तिरंगा यात्राह्न का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहिबाबाद के यशस्वी विधायक एवं उत्तरप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उपस्थित होकर यात्रा का नेतृत्व किया। हजारों की संख्या में आमजन, भाजपा कार्यकर्ता, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने इस शौर्य यात्रा में भाग लेकर भारत माता के जयघोष से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ वीर जवानों के बलिदान की गाथाएं गूंजती रहीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में सुनील शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत के आत्मसम्मान, आक्रामक सुरक्षा नीति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ नेतृत्व शैली का प्रतीक है। यह वह भारत है जो अब सहता नहीं, जवाब देता है-और वो भी दुश्मन की जमीन पर। मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हमारी सेना और सरकार दोनों अपने नागरिकों और सैनिकों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह तिरंगा यात्रा हर देशवासी के भीतर राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करने वाली है। यह आयोजन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक है। 'मोदी है तो मुमकिन है'—यह केवल नारा नहीं, आज का यथार्थ है। इस आयोजन के महानगर तिरंगा यात्रा संयोजक सचिन डेढ़ा, संयोजक नवनीत मित्तल, सह-संयोजक आशीष चौधरी, समस्त मंडल अध्यक्ष, समस्त पार्षदगण, खोड़ा नगर पालिका के सभी सभासदगण एवं सफल संचालन में भारतीय जनता पार्टी महानगर के समस्त पदाधिकारियों, मंडल कार्यकताओं एवं बूथ स्तर तक के कार्यकताओं ने विशेष भूमिका निभाई। यात्रा का समापन तिरंगे को नमन के साथ किया गया।

# 23 मई को होगा राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा मेधावी छात्रों का सम्मान



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन द्वारा मॉडर्न पब्लिक स्कूल में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए किया गया। बैठक निर्णय लिया गया कि हर शिक्षण संस्थान से 5 मेघावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए डीएलएफ पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद में 23 मई दिन शुक्रवार को एक भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रस्ताव रखा गया कि क्षेत्र के सभी पब्लिक स्कूल अपने पांच मेधावी छात्रों का डाटा 20 मई दोपहर एक बजे तक तक अनिवार्य रूप से भेज दे। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी व संस्थान के अन्य पदाधिकारी वी एम त्यागी, अखिलेश चंद द्विवेदी, योगेंद्र सिंह, सुनील त्यागी, स्वरूप चंद शर्मा, मीनाक्षी पादि, दुष्यंत त्यागी, हिमांशु त्यागी आदि अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# के.डी.बी. पब्लिक स्कूल में अटल सामुदायिक दिवस का आयोजन




हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** के.डी.बी. विद्यालय के सभागार में अटल सामुदायिक दिवस का आयोजन कंप्यूटर विभाग द्वारा किया गया। इस दिवस का उद्देश्य छात्रों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और कल्पना को विकसित करना तथा समाज के संवर्धन के लिए प्रयास करना रहा। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर राज नगर के छात्रों के साथ उत्साहपूर्वक अटल सामुदायिक दिवस मनाया गया और विज्ञान एवं भविष्य की नई दुनिया का रोमांचक अनुभव प्राप्त किया गया। इस आयोजन का लक्ष्य छात्रों में नए विचारों और सोच का विकास करना तथा समस्या समाधानकर्ता बनाने का अभिनव प्रोत्साहन रहा। विद्यालय प्रधानाचार्या निवेदिता राणा और उपप्रधानाचार्या नम्रता दूबे की उपस्थिति ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। प्रधानाचार्या निवेदिता राणा ने कहा कि अटल मिशन नवीन कौशलों को सीखने का सशक्त माध्यम है, जिससे छात्र अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उपप्रधानाचार्या ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# यूपीसीडा अध्यक्ष मयूर माहेश्वरी ने की औद्योगिक क्षेत्र साईट-4, साहिबाबाद, गाजियाबाद में औद्योगिक संगठनो के साथ बैठक




हिन्द आत्मा संवाददाता

**साहिबाबाद।** साइट चार स्थित होटल में शनिवार को यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक की। इस दौरान संगठनों के पदाधिकारियों ने रखरखाव शुल्क में वृद्धि करने पर आपत्ति जताई। बैठक में प्रमुख मुद्दा औद्योगिक इकाइयों से वसूले जाने वाले मेंटेनेंस चार्ज (रखरखाव शुल्क) का रहा। इस पर चर्चा करते हुए सीईओ ने यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए कि मंगलवार को औद्योगिक संगठनों के साथ बैठक कर शुल्क के पुनर्मूल्यांकन पर विचार किया जाए। उन्होंने बृज विहार नाले की पुलिया के निर्माण के चलते परिवर्तित ट्रैफिक रूट की जर्जर सड़कों की मरम्मत के आदेश दिए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी उठाया गया। सीईओ ने जानकारी दी कि जल्द सौर ऊर्जा मार्ग पर वसुंधरा और कौशांबी की ओर प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। क्षेत्र का सौंदर्याकरण व साफ-सफाई का कार्य भी शुरू किया जाएगा। बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ प्रधान महा प्रबन्धक, राजीव त्यागी, उप महा प्रबंधक आर०एस० यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सत्यार्थी, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) आशीष तोमर, सेतु निगम परियोजना प्रबंधक, रजनीश कुमार के साथ-साथ औद्योगिक ऐसोसियेशन के पदाधिकारीगण मुकेश गुप्ता, अशोक चौधरी, राजेश शर्मा, दिनेश मित्तल, अजीत तोमर, संजय गर्ग एवं आर०के० सिंह आदि उपस्थित रहे। उद्यमियों द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय का औद्योगिक क्षेत्र में आकर समस्याओं को सुनने हेतु आभार व्यक्त किया गया। तदोपरान्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें विभिन्न समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये।

# सागरिका शर्मा एवं अरिहंत शर्मा ने दसवीं की परीक्षा में 92% अंक प्राप्त कर अपने गुरुजनों तथा माता-पिता का मान बढ़ाया




**नई दिल्ली (हिन्द आत्मा)।** मेयो इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली की छात्रा कुमारी सागरिका शर्मा तथा छात्र अरिहंत शर्मा ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 92% अंक प्राप्त कर अपने गुरुजनों तथा माता-पिता का मान बढ़ाया है। संयोग से यह दोनों जुड़वा बहन भाई हैं तथा इनमें बहुत सी सामानता देखने को मिलती हैं। दोनों बहन भाई आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहते हैं। इनके पिता संघर्ष शर्मा एक प्रसिद्ध आईटी कंपनी में डायरेक्टर हैं तथा माता श्रीमती रुचि शर्मा एक फिजियोथेरेपिस्ट हैं। हिन्द आत्मा परिवार इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# तीसरी जिला डार्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विभिन्न वर्गों के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** जिला डार्ट खेल संगठन गाजियाबाद की और से तीसरी जिला डार्ट प्रतियोगिता का राज नगर एक्सटेंशन अग्रवाल हाइट्स के क्लब में आयोजन किया गया। जिसमें जिला गजियाबाद विभिन्न वर्गों के 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। गिरीश राजवंशी ने विधिवत फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया साथ में रोहित जी, सी. एस. शर्मा, श्री राम सिसदिया अध्यक्ष उत्तर प्रदेश डार्ट संगठन, सत्येंद्र कुमार वर्मा प्रेसिडेंट जिला गाजियाबाद संगठन मौजूद रहे। प्रतियोगिता में किड्स वर्ग में बालक में आर्यवीर सिह चौहान स्वर्ण पदक, रियांश भार्गव रजत पदक, बालिका वर्ग में मुद्रा रस्तोगी ने रजत पदक, सब जूनियर वर्ग मे अभिनीत सिसोदिया स्वर्ण पदक, कार्तिक शर्मा रजत पदक, बालिका वर्ग में नव्या सिंह स्वर्ण पदक, जिनीषा भार्गव रजत पदक, जूनियर बालक वर्ग में सिद्धांत छौंकर स्वर्ण पदक, देव जीत राय रजत पदक, जूनियर बालिका वर्ग में सौम्या शर्मा स्वर्ण पदक, अनिष्का सिसोदिया रजत पदक, सीनियर पुरुष वर्ग में अंकुर गर्ग स्वर्ण पदक, नमन सरीन रजत पदक, सजल गुप्ता स्वर्ण पदक, महिला वर्ग में कनिका सिसोदिया स्वर्ण पदक, इशिका सिसोदिया रजत पदक, मास्टर्स पुरुष में श्री राम सिसोदिया स्वर्ण पदक, किशन कुमार रजत पदक, सुपर मास्टर्स में सत्येंद्र कुमार वर्मा स्वर्ण पदक, प्रमोद कुमार शर्मा रजत पदक व चंद्रशेखर शर्मा ने कांस्य पदक जीता सुपरमस्टर महिला वर्ग मे श्रीमती रेणु बाला ने स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में से जिला गाजियाबाद के आठ खिलाड़ियों का चयन जून में होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। डॉट संगठन के पदाधिकारी ने जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाइयां दी।

# भारतीय योग संस्थान द्वारा वार्षिक निःशुल्क शिविरों के अंतर्गत हड्डी रोग निवारण शिविर किए गए आयोजित



**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले वार्षिक निःशुल्क शिविरों के अंतर्गत इस बार हड्डी रोग निवारण शिविर लगाए गए जिसमें अब तक तीन शिविर नेहरू नगर में अलका बाटला और अंजू अग्रवाल द्वारा लगाए गए राजनगर में सेक्टर-14 के विश्वनाथ मंदिर में एक शिविर विजय लक्ष्मी और रंजना सेंगर द्वारा लगाया गया। एक शिविर राज नगर सेक्टर-4 के औषधि पार्क में सुधा शर्मा और वीना भसीन द्वारा लगाया गया। एक पंच दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर राज नगर सेक्टर- 6 के सेंट्रल पार्क में संरक्षक सरोज सबरवाल, क्षेत्रीय प्रधान हेम अग्रवाल, क्षेत्रीय मंत्री शालिनी दत्त द्वारा लगाया गया। जिसमें दिल्ली प्रांत 2 के प्रधान योगेश शर्मा ने साधना कराई। जिसका लगभग 100 साधक साधिकाओं ने लाभ उठाया। विनय भाटिया ने सामग्री स्टाल लगायी। बी.डी. शर्मा, जोशी जी, अग्रवाल जी, सीमा त्यागी, सुमन शर्मा, सीमा, माया, शिखा, ममता, बबीता, आरती आदि ने अपना सहयोग दिया। प्रार्थना के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था रही। योगेश शर्मा ने वार्ता में दिनचर्या को सरल बनाने का संदेश दिया। आसन में रुकने के लाभ बताए संतुलित आहार के लाभों पर प्रकाश डाला तथा सूर्योदय से सूर्यास्त तक अपनी भोजन प्रक्रिया समाप्त करने का आह्वान किया।

# जीडीए का डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम 'पहल'

## प्रदेश का एकमात्र ऐसा प्राधिकरण जो लेकर आया है यह क्रांतिकारी डिजिटल सेवा 'पहल'

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उत्तर प्रदेश में जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स आईएएस के नेतृत्व में विकास के नये-नये आयाम गढ़ रहा है। इस क्रम में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया गया है पहल (पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण राज्य का एकमात्र प्राधिकरण है जिसने यह आधुनिक और नागरिक केंद्रित पोर्टल लॉन्च किया है। जो 140000 से अधिक आवंटियों के लिए एक नई सुविधा है। पहल एक सिंगल विंडो सिस्टम है जो आवंटियों को सभी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है जो तेज, पारदर्शी और पूरी तरह डिजिटल है। अब संपत्ति का बकाया भुगतान हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो या किस्तों का पुनर निर्धारण हो, सब कुछ संभव है बस एक क्लिक में देंखे-आवंटन पत्र और अधीनता प्रमाण पत्र भी आप स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं। क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा के साथ।

- ▸▸ 'पहल' जिस पर मिलेंगी जीडीए आवंटियों को सभी प्रोपर्टी से जुड़ी सेवाएं एक ही पोर्टल पर
- ▸▸ महीनों मे होने वाले संपत्ति के काम अब सेकेंडो मे वो भी प्राधिकरण के चक्कर लगाये बिना व घर बैठे डिजिटल माध्यम से




- कलेक्शन प्रिविलेज अब आप खुद कर सकते हैं अपने रिकॉर्ड में सुधार।
- किस्तों के सम भुगतान के लिए स्मार्ट डिजिटल चालान सुविधा।
- रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करने हेतु आप अपनी सुविधा अनुसार समय तारीख स्वयं निश्चित कर सकते हैं।
- बैंक से लोन के लिए मॉर्टगेज परमिशन और नामांतरण यानी प्रॉपर्टी म्यूटेशन अब सब कुछ ऑनलाइन।
- समय पर किस्त की जानकारी और डिफॉल्ट पर रिमाइंडर अब हर आवंटी तक पहुंचेगा सही समय पर अलर्ट।
- रियल टाइम अकाउंट अपडेट के साथ भुगतान का रिकॉर्ड सीधे लेखा अनुभाग में बिना किसी देरी और मानवीय हस्तक्षेप के।
- प्राधिकरण के इतिहास में प्रथम बार बैंकिंग प्रक्रिया के अनुरूप किस्तों के पुनर निर्धारण रिस्क शेड्यूलिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी।

पहल की आवश्यकता

प्राधिकरण में पूर्व से प्रचलित सम्पत्ति प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत आवंटियों को आवंटन पत्र, भुगतान विवरण पत्र, बन्धक अनुमति पत्र, लेखा गणना की जांच की कार्यवाही manually की जा रही है, जिसके कारण आवंटियों को जो सुविधाऐं त्वरित प्रदान होनी चाहिए, उनकी पूर्ति करने में अत्यन्त समय लगता है तथा समस्त कार्यवाही manually किये जाने के कारण त्रुटियों की सम्भावना भी अधिक रहती है। वर्तमान मे नामदर्ज हेतु आवेदन करने पर कम से कम 60 दिन मे मांग पत्र निर्गत किये जाने का प्रावधान है, जिसके बाद भी पैसे जमा कराने के बाद जमा रकम का सत्यापन कराना, फाइल का मूवमेंट अलग अलग पटलो पर होने से नामदर्ज की प्रक्रिया पूरी होने मे कई महीने लग जाते थे जो की जनहित मे इस डिजिटल युग मे उचित नही है। पहल पोर्टल के माध्यम से इन समस्त कठिनाइयों का समाधान करते हुए घर बैठे जन सामान्य को निम्न सुविधाएं दी जा सकता है:

- आवंटन पत्र प्राप्त करना।
- देय किश्त की जानकारी प्राप्त करना।
- देय किश्त की धनराशि जमा करना।
- बन्धक अनुमति पत्र प्राप्त करना।
- आवन्टी द्वारा आवेदन करने पर प्राधिकरण स्तर से नाम, पता व अन्य में हुई त्रुटि का सुधार करना।
- नामान्तरण के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।
- धनराशि रिफण्ड के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।

पहल 'एक नया अनुभव एक नई शुरूआत' एक स्मार्ट गाजियाबाद की ओर प्राधिकरण द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से नागरिको के लिए एक क्लिक पर संपत्ति से जुड़ी सभी सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए जीडीए के जन संपर्क कार्यालय पर एक अलग 'पहल काउंटर' बनाया गया है, जहाँ इस पोर्टल से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# गोद ली बेटियों की कराई फीस जमा

## शिक्षित बेटियां ही समाज और घर दोनों में उत्कृष्ट भूमिका निभाती हैं : अरुणिमा त्यागी



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** उजाला समिति द्वारा सर छोटूराम किसान इंटर कॉलेज दुहाई में पढ़ने वाली बेटियों की फीस जमा कराई समिति ने 23 बेटियां गोद ली हुई है कुछ बेटियां 11वीं क्लास की निशा महेश की फीस जमा कराई। सचिव अरुणिमा त्यागी, नीलम शर्मा, ऋतु गुप्ता, कमलेश शर्मा, ऊषा शर्मा ने सहयोग किया। क्लास टीचर नीतू मैम और स्कूल के सभी अध्यापकों ने समिति का बहुत आभार व्यक्त किया। सचिव अरुणिमा त्यागी ने कहा कि जो बेटियां पढ़ने में बहुत अच्छी है और उनके माता पिता उसकी फीस नहीं दे पाते समिति उनकी सहायता करने में सहयोग करती हैं। मंत्री ऊषा शर्मा ने कहा कि हम इन बेटियो की सहायता करते हैं। जिससे ये आगे चलकर स्वालंबी बने और उन बच्चों की सहायता करें जिनकी पैसों की कमी की वजह से उनकी शिक्षा पूरी नहीं हो पाती।

# पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यशाला संपन्न

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** लोनी के भागमल वाटिका पाभी में जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यशाला में प्रस्तावना रखते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ने बताया कि पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी कार्यक्रम का उद्देश्य देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन, उनके कार्यों और सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान में उनके योगदान को जन-जन तक पहुँचाना है। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिम क्षेत्र हरीश ठाकुर ने कार्यक्रम से पहले प्रेस वार्ता में पत्रकारों को विस्तृत जानकारी दी तथा अपने उद्बोधन में कहा, कि ह्लअहिल्याबाई होलकर ने नारी शक्ति, धर्म और समाज सेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वह आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। भाजपा इस अभियान के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को घर-घर पहुँचाएगी। उन्होंने उनके जीवन काल के ऐतिहासिक तथ्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया।

कार्यशाला में क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने अपने समय में देश में धार्मिक उत्थान का एक नया अध्याय प्रस्तुत किया उन्होंने हजारों काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार कराया एवं सनातन संस्कृति की एक अनूठी मिशाल कायम कर हजारों हिंदू मंदिरों का निर्माण कराया। कार्यशाला के अंत में जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने पार्टी द्वारा 21 से 31 मई तक चलने वाले स्मृति अभियान के अंतर्गत होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें महिला सम्मेलन, विचार गोष्ठियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक सेवा अभियान शामिल हैं। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री राजेंद्र वाल्मीकि द्वारा तथा समापन जिला उपाध्यक्ष एवं संयोजक अमित चौधरी ने किया।

जिला सहसंयोजक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती मिश्रा, मिडिया प्रभारी धजेन्द्र खारी धजय, नितिन मित्तल रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ. परमेंद्र जांगड़ा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान, जिला महामंत्री राजेंद्र बाल्मीकि, जितेंद्र चित्तौड़ा, उपाध्यक्ष रामकुमार त्यागी अमित चौधरी, कौमुदी चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, जिला मंत्री सुदेश भारद्वाज, राहुल बैंसला, आकाश गौतम, पवन सोम, मंडलों के अध्यक्ष, मोर्चों के जिला अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री राम सेवा समिति ने गरीब परिवार से जुड़ी कन्या का कराया विवाह

**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की लड़कियों का सामूहिक रूप से विवाह कराती आयी श्रीराम सेवा समिति ने रुक्मणी मार्केट मंदिर में गरीब कन्या का विवाह कराया। जिसमें अनेको समाज सेवियों ने इस शुभ कार्य में अपना सहयोग किया। रविवार को मोदीनगर श्रीराम सेवा समिति फफराना रोड द्वारा कराये जाने वाली गरीब कन्याओं की शादी की इस श्रृंखला में 22वीं शादी काजल और मोनू कि रविवार को विधि विधान पूर्वक सम्पन्न कराया। इस शुभ अवसर पर शहर की विधायक डॉ.मंजू शिवाच ने वधू को जहां सिलाई मशीन भेंट की, वहीं पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली ने आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। समिति द्वारा वधू को शादी उपरांत सभी घरेलू सामान भेंट किए गए। विवाह समारोह में मौजूद रहे समाज समाज सेवको में स्वदेश जैन, संस्था संरक्षक सुशील गुप्ता अध्यक्ष





जी.बी.जोशी, संदीप गर्ग, गगन मोहन, शिवांग शर्मा, नीलम, सोनिया गर्ग, संदीप गुप्ता, संतोष गुप्ता, रवि गोयल सहित अन्य सदस्यों का भी योगदान सराहनीय रहा।

# विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने अपनी विस में किया विकास कार्यों का उद्घाटन

हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर।** विधान सभा क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का स्थानीय विधायक द्वारा शिलान्यास किया गया। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की सिखेड़ा रोड इंडस्ट्रीज एरिया में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत प्राईमरी स्कूल से चॉकलेट फैक्ट्री से सीएसपीएल होते हुए नाले तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक डॉ० मंजू शिवाच ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसकी लागत मूल्य 94.60 लाख रुपये बताई गई।

(2) विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगला मूसा में विधायक निधि द्वारा मदरसे से ताज महोम्मद के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी उद्घाटन विधायक डॉ. मंजू





शिवाच द्वारा किया गया जिसका लागत मूल्य 9.35 लाख रुपये बताया गया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल सहित बसपा नेता एवं उद्यमी जगमोहन वर्मा, अनिल सेन सहित अन्य स्थानीय लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने किया अभिनंदन






**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** निवाड़ी स्थित सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में अभिनंदन समारोह आयोजित कर बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्कूल प्रबंधकों द्वार किया गया अभिनंदन। सेंट्रल बोर्ड आफ एजुकेशन की घोषित परीक्षा परिणामों में इंटरमीडिएट कक्षा के विभिन्न वर्ग के विज्ञान वर्ग-हिमांशी 92%, सिद्धि 91% निर्भय 91%,खुशी त्यागी90%, सिमरन 90%, आराध्ये वीरभान 90%, कला वर्ग-शांभवी पांडे 94.2%, मुस्कान 93%,आयुषी चौधरी 85% कॉमर्स (वाणिज्य वर्ग) आर्यन गोयल 95%, हर्ष 91%, वैष्णवी नेहरा 88% मेधावी छात्र छात्राओं द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के शुभम अवसर सभी मेधावी छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही पेंटिंग विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सिमरन, ईशा, शांभवी, हिमांशी, हर्षित, यश शर्मा को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. रीता वार्ष्णेय, डॉ. शिखा दरबारी द्वारा सभी छात्रों एवं अभिभावकों को बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु द्वारा सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के इस रिजल्ट को इसका फल बताते हुए सभी के श्रेष्ठ कार्य की सराहना की और साथ ही स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता के द्वारा सभी के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने समक्ष उपस्थित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को उनके सामने अपने अनुभव को साझा किया गया और अपने अभिभावकों के लिए कृतज्ञता भरे शब्दों का प्रयोग कर उनका धन्यवाद किया गया और अभिभावकों के द्वारा भी इस अवसर पर स्कूल एवं शिक्षकों के प्रति अभिवादन प्रस्तुत किया गया। सेंट्रल बोर्ड आफ एजुकेशन की इंटरमीडिएट कक्षा के विभिन्न वर्ग के विज्ञान वर्ग- हिमांशी 92%, सिद्धि 91% निर्भय 91%, खुशी त्यागी 90%, सिमरन 90%, आराध्ये वीरभान 90%, कला वर्ग-शांभवी पांडे 94.2%, मुस्कान 93%, आयुषी चौधरी 85% कॉमर्स( वाणिज्य वर्ग) आर्यन गोयल 95%, हर्ष 91%, वैष्णवी नेहरा 88% मेधावी छात्र छात्रों द्वारा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के अलावा पेंटिंग विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों सिमरन, ईशा, शांभवी, हिमांशी, हर्षित, यश शर्मा आदि अति मेधावी छात्रों को भी स्कूल द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.रीता वार्ष्णेय, डॉ. शिखा दरबारी द्वारा सभी मेधावी छात्रों व उनके अभिभावकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उनके अग्रिम भविष्य के लिए कामना की। स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता सहित प्रधानाचार्य डॉ० सरिता सिंधु ने सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा किए गए कठिन परिश्रम के बल पर मिले इस अच्छे इस रिजल्ट की सराहना करते हुए सभी के सुनहरे भविष्य की ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर उपस्थित कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्रों ने एक दूसरे के साथ अपने-अपने अनुभवों को साझा किया।

# आर्ट ऑफ गिविंग का भव्य आयोजन

## Neighbourgood थीम पर दिल्ली-एनसीआर के 100 से अधिक स्थानों पर मनाया





**नई दिल्ली (हिन्द आत्मा)।** केआईआईटी की निदेशक एवं आर्ट ऑफ गिविंग दिल्ली की संयोजिका, श्रीमती कुमकुम शर्मा के नेतृत्व में आर्ट ऑफ गिविंग का वार्षिक उत्सव इस वर्ष Neighbourgood थीम के साथ दिल्ली-एनसीआर के लगभग 100 स्थानों पर भव्य रूप से मनाया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग, दया और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था। श्रीमती कुमकुम शर्मा ने बताया कि आर्ट ऑफ गिविंग की यह पहल केवल दान या सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे आस-पास के लोगों, पड़ोसियों और समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को भी उजागर करती है। उन्होंने कहा, Neighbourgood का अर्थ है, अपने पड़ोस को एक बेहतर जगह बनाना, जहां हर व्यक्ति एक-दूसरे की मदद के लिए तत्पर रहे। हम सब मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

इस विशेष अवसर पर, कुमकुम शर्मा और उनकी टीम ने दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न इलाकों जैसे सीआर पार्क, साकेत, द्वारका, नोएडा, गुड़गांव, रोहिणी, जनकपुरी, लक्ष्मी नगर, वसंत कुंज, ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद और मथुरा आदि में जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े, स्टेशनरी, दवाइयाँ तथा अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की। टीम ने स्लम क्षेत्रों, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और सरकारी स्कूलों में जाकर लोगों से संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए सहायता प्रदान की। इस आयोजन में समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों, स्वयंसेवी संगठनों, स्थानीय निवासियों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर Neighbourgood की भावना को जीवंत किया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए विशेष खेल, चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे बच्चों और युवाओं में भी सेवा और सहयोग की भावना विकसित हो सके। श्रीमती कुमकुम शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम चाहते हैं कि समाज में हर दिन आर्ट ऑफ गिविंग की भावना बनी रहे। जब हम अपने आस-पास के लोगों की मदद करते हैं, तो समाज स्वतः ही मजबूत और खुशहाल बनता है। इस पहल के तहत, आर्ट ऑफ गिविंग टीम ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ भी समन्वय स्थापित किया, ताकि जरूरतमंद लोगों तक सहायता सुरक्षित और प्रभावी ढंग से पहुँच सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने Neighbourgood की शपथ ली कि वे अपने आस-पास के लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देंगे। आर्ट ऑफ गिविंग की यह पहल डॉ. अच्युत सामंत, प्रतिष्ठाता केआईआईटी, केआईएसएस एवं आर्ट ऑफ गिविंग के विचारों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और एक-दूसरे की मदद करने का संदेश निहित है।

# योग साधना एवं मडबाथ के माध्यम से स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान के तत्वावधान में आज एक विशेष मडबाथ मिट्टी लेपन कार्यक्रम का आयोजन गंग नहर के पवित्र तट छोटा हरिद्वार, मुरादनगर पर किया गया। इस आयोजन में लगभग 500 योग साधकों ने भाग लिया, जिसमें मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से शरीर का शुद्धिकरण, चर्म रोगों से मुक्ति, तथा सामान्य रक्तचाप की प्राप्ति था। मिट्टी लेपन में विशेष रूप से हल्दी, चंदन, एलोवेरा, गुलाब, केवड़ा और अन्य औषधीय वनस्पतियों का समावेश किया गया। सभी साधकों ने एक घंटे तक मिट्टी लेपन कर अपने शरीर को धरती मां की गोद में समर्पित करते हुए डिटॉक्सिफिकेशन, त्वचा पोषण, तथा मानसिक शांति का अनुभव किया।

कृष्ण कुमार अरोड़ा (अध्यक्ष, अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान) ने कहा कि आज के युग में योग और प्राकृतिक चिकित्सा ही हमारी जीवनशैली को संतुलित रखने का आधार हैं। मडबाथ से ना केवल शरीर का शुद्धिकरण होता है बल्कि यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। वरिष्ठ योग साधक डॉ. आर. के. पोद्दार ने कहा कि मिट्टी चिकित्सा शरीर के भीतर की गर्मी और विषैले तत्वों को बाहर निकालती है। यह उच्च और निम्न रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी सहायक है। योग शिक्षक देवेंद्र बिष्ट ने कहा कि योग और मड़वाद का सम्मिलन सम्पूर्ण आरोग्यता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में इसे और अधिक जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

प्रदीप चौधरी (योग साधक) ने इस अवसर पर कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से मडबाथ के लाभों को अनुभव किया है। यह विधि मुझे मानसिक सुकून और शरीर की ताजगी प्रदान करती है। मैं चाहूंगा कि समाज का हर व्यक्ति इसका लाभ उठाए। यह एक अनमोल प्राकृतिक चिकित्सा है जो हमें दवाओं से मुक्त करती है। मंगल चौधरी (योग साधक) ने बताया कि मडबाथ ने मेरी त्वचा की समस्याओं में अद्भुत सुधार किया है। शरीर हल्का महसूस होता है और दिन भर ऊर्जा बनी रहती है। हम सभी को इस पारंपरिक और प्राकृतिक पद्धति को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित साधकों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि करें योग, रहें निरोग। जान है तो जहान है। योग ही हमारी पहचान है।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का किया गया आयोजन





**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद ने 18 मई से 24 मई तक स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया। बड़े उत्साह के साथ, छात्रों ने एआई और रोबोटिक्स, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य, वैदिक गणित, अंग्रेजी , फ्रेंच, योग, खेल-एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, ट्रैक इवेंट, ताइक्वांडो और कई गतिविधियों में भाग लिया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के नए आयामों का पता लगाने के लिए और अधिक गतिविधियाँ। ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरूआत सम्मानित समूह निदेशक सत्येन्द्र कुमार और स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती शिल्पाश्री टी.आर. और सभी विशेषज्ञों की उपस्थिति में रिबन काटने की रस्म के साथ हुई। समारोह में छात्रों को विभिन्न कौशल सीखने की शुभकामनाओं के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर 25 की शुरूआत हुई, जो छात्रों के समग्र विकास में योगदान देगा।

# पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 का आयोजन 19 से 31 मई तक

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'स्मृति अभियान-2025' का आयोजन 21 से 31 मई 2025 तक भव्य रूप में किया जा रहा है। इस क्रम में कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष ऐसे समय आ रही है जब देश और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जो सनातन मूल्यों, राष्ट्रवाद, संस्कृति और नारी शक्ति के संरक्षण व उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय, धर्म और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा की रानी के रूप में सुशासन दिया, बल्कि सैकड़ों मंदिरों का पुनर्निर्माण, धर्मशालाएं, कुएं, घाट और सराय बनवाकर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा।

भाजपा कार्यकर्ता इस त्रिशताब्दी वर्ष को केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अभियान मानकर जन-जन तक उनकी प्रेरणा को पहुंचाएंगे। अभियान की शुरूआत 19 मई को जिला बैठक एवं प्रेस वार्ता से की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसी दिन और अगले दिन, यानी 19-20 मई को महिला सशक्तिकरण हेतु Run for Women Empowerment नामक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन इंटर कॉलेज व महाविद्यालय स्तर पर किया जाएगा, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। विजेताओं को महिला जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। 21 मई को निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी जिसमें छात्र-छात्राएं अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर लिखकर उनके विचारों को आत्मसात करेंगे। 21-22 मई को होने वाली जिला महानगर संगोष्ठी में उनके जीवन दर्शन एवं भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर गहन विचार किया जाएगा, जिसमें महिला मोर्चा, शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता व प्रबुद्धजन सहभागिता करेंगे। 23-24 मई को घाट सज्जा एवं नदी आरती कार्यक्रम के अंतर्गत किसी प्राचीन शिव मंदिर या घाट पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व आरती की जाएगी तथा धर्मगुरुओं द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन होगा।

25 मई को प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें उनके जीवन दर्शन और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु किए गए कार्यों को छवियों व उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। 26 से 28 मई तक पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधानों की भागीदारी रहेगी। यह कार्यक्रम स्थानीय व प्रभारी मंत्रियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। 29-30 मई को महिला सशक्तिकरण के दो स्तरों पर सम्मेलन होंगे-नगर निकाय स्तर पर (नगर निगम, पालिका व पंचायत) जिसमें कुल 3500 महिलाओं की सहभागिता का लक्ष्य है तथा ब्लॉक स्तर पर, जिसमें महिला प्रधान, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कोटेदार, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी, प्रत्येक ब्लॉक से 500 महिलाओं की सहभागिता का प्रयास है।

इस संपूर्ण अभियान का समापन 31 मई को श्रद्धांजलि समारोह के रूप में किसी प्रमुख विश्वविद्यालय या महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें राज्य व केंद्र सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर आदि की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया जाएगा और एक हस्ताक्षर अभियान के साथ इस स्मृति आयोजन को उत्सव के रूप में समाप्त किया जाएगा। श्री शिशौदिया ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल महारानी के जीवन का स्मरण नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आज की पीढ़ी में स्थानांतरित करना है। भाजपा इस प्रेरणादायी आयोजन को बूथ स्तर तक ले जाकर महिला जागरण, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का माध्यम बनाएगी। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक है। इस अभियान से गाजियाबाद महानगर की जनभावनाएं जुड़ेंगी और उनके आदर्शों से समाज लाभान्वित होगा।

## सम्पादकीय

# भारत की बदली रणनीति

पहलगाम हमले की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान के साथ हुए सैन्य संघर्ष के बाद भारत ने अपनी रणनीति में तेजी से बदलाव किया है। आतंकवाद के खिलाफ सतत संघर्ष के लिए सुरक्षाबल तैनात हैं। शीर्ष नेतृत्व लगातार उन जगहों पर जाकर सेना का मनोबल बढ़ा और पाकिस्तान के झूठे दावों का पदार्फाश कर रहा है, जिन पर पाकिस्तान ने हमले की बात कही थी। इसी क्रम में रक्षामंत्री श्रीनगर में सेना के जवानों से मिलने गए। वहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया कि पाकिस्तान एक दुष्ट और गैरजिम्मेदार देश है, उसके पास परमाणु हथियार होना खतरे से खाली नहीं हो सकता। वह बार-बार भारत को परमाणु हमले की धमकी देता रहा है। इसके पहले प्रधानमंत्री ने भी कहा था कि भारत कभी पाकिस्तान की परमाणु धमकी के आगे झुकने वाला नहीं है। रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु आयुध पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी की निगरानी होनी चाहिए। भारत इसकी मांग अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएगा। भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह के व्यापारिक संबंध तोड़, सिंधु जल समझौते को निलंबित और उसके आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर उसे काफी कमजोर कर दिया है। अब उसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी घेरने की तैयारी शुरू कर दी है। अगर उसके परमाणु हथियारों पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी की निगरानी पर सहमति बनती है, तो पाकिस्तान पर दबाव और बढ़ जाएगा। पाकिस्तान के परमाणु आयुध को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इसलिए कि वहां आतंकवादी संगठनों को प्रश्रय मिलता है। वहां के खूंखार दहशतगर्द सेना और खुफिया एजंसी के संरक्षण में रहते रहे हैं। ऐसे में यह खतरा लगातार बना रहता है कि उसके परमाणु हथियार अगर आतंकियों के हाथ लग गए, तो वे विनाश का कारण बन सकते हैं। भारत के साथ पाकिस्तान के तल्ख रिश्ते किसी से छिपे नहीं हैं, पर दूसरे देशों में भी उसके आतंकियों की गतिविधियां उजागर हैं।

इसलिए यह न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। भारत ने न सिर्फ उसके नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बना कर उन्हें ध्वस्त कर दिया, बल्कि इसके सबूत भी पूरी दुनिया के सामने पेश कर दिए कि वहां का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व विश्व आतंकवादी की सूची में शामिल संगठनों और आतंकियों के साथ खड़ा है। इतना कुछ हो जाने के बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। कश्मीर के त्राल और केल्लर में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में छह आतंकियों का मारा जाना इस बात का सबूत है कि अब भी वह घाटी में दहशतगर्दी को बढ़ावा दे रहा है। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में भारत ने अपनी रणनीति बदल कर जमीनी स्तर और विश्व मंच, दोनों जगह पाकिस्तान को घेरने की तैयारी कर ली है। घाटी से दहशतगर्दों के सफाए का निरंतर अभियान उसी का नतीजा है। मगर विचित्र है कि पाकिस्तान के खिलाफ इतने सबूत होने और उसके लगातार आतंकवाद को पोसने के प्रमाण मिलते रहने के बावजूद चीन और तुर्किए जैसे कुछ देश उसका खुला समर्थन कर रहे हैं। इन दोनों देशों के पाकिस्तान से अपने स्वार्थ जुड़े हैं, पर दूसरे देशों से उसकी हकीकत छिपी नहीं है। अगर भारत गंभीरता से उसके परमाणु हथियारों का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाता और कूटनीतिक प्रयासों से इस पर वैश्विक सहमति बनाने में कामयाब हो पाता है, तो निस्संदेह इसकी बड़ी कामयाबी होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक** : **अशोक कौशिक**
**समाचार सम्पादक** : **राकेश शर्मा**
**कानूनी सलाहकार** : राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी
मो. : 9810149213
फोन : 0120-4113213
E-mail : hindatma@gmail.com

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता

ललित गर्ग



सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं। जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं। देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए।


नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं।

यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए। विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं “हेट स्पीच” के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है, सेना का मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ बोलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मयार्दा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। यह आज के अनेक नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार एवं नशा है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है, जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए, तो तत्काल सुधारता है।

जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उनके अच्छे-बुरे बोल व गलत-सही कारनामे इतिहास में दर्ज हो रहे हैं। ध्यान रखना होगा, पहले केवल शब्द वायरल होते हैं, पर अब शब्द के साथ वीडियो भी वायरल होता है। ध्यान रहे, समय के साथ मीडिया का बहुत विस्तार हुआ है और उसका एक बड़ा हिस्सा ऐसी ही गलतबयानी का भूखा है। उसे ऐसे ही बिगड़े बोल वाले कंटेंट की तलाश है। अतः कम से कम देश के जिम्मेदार दलों के नेताओं को कोई भी राष्ट्र-विरोधी अप्रिय या प्रतिकूल ध्वनि नहीं पैदा करनी चाहिए। अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। वोट के लिए धर्म, सम्प्रदाय, जाति, समाज किसी को भी नहीं छोड़ा जा रहा। पार्टी कोई सी भी हो, नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते लेकिन सेना नायकों पर टिप्पणियां बहुत ही घातक है।

नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर वाणी असंयम एवं बिगड़े बोल में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निदेशों की भी इन्हें परवाह नहीं है। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी “भारत विरोधी शक्तियां” एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रित मूल्यों के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। उन्हें नेताओं के बिगड़े बोलों से ऊर्जा मिलती है। सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले नेताओं का भविष्य भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर देश एवं दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे। “राजनीतिक सिस्टम” की रोग मुक्ति, स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र का आधार होगा। राष्ट्रीय चरित्र एवं राजनीतिक चरित्र निर्माण के लिए नेताओं एवं उनके दलों को आचार संहिता से बांधना ही होगा। अब तो ऐसा भी महसूस होने लगा है कि देश की दंड व्यवस्था के तहत जहां “हेट स्पीच” या बिगडे.बोल को नये सिरे से परिभाषित करने की आवश्यकता है वहीं इस समस्या से निपटने के लिए “हेट स्पीच” एवं बिगडे.बोल को अलग अपराध की श्रेणी में रखने के लिए कानून में संशोधन का भी वक्त आ गया है?




# भाजपा नेता खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल का मना धूमधाम से जन्मदिन, गणमान्यों ने दी बधाई

## दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी व देवी मंदिर के महंत गिरीशानंद ने दिया आशीर्वाद












हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** भाजपा नेता राहुल गोयल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। सुबह राहुल गोयल ने दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और महंत नारायण गिरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राहुल गोयल दिल्ली गेट देवी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की और महंत गिरीशानंद से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल के पास उनके आवास पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर के जन प्रतिनिधियों ने भी राहुल गोयल को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी। भाजपा नेता राहुल गोयल का जन्मदिन महानगर के अनेक स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया एवं सैकड़ों की संख्या में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनके समर्थको ने भी उन्हे जन्मदिन की बधाई दी। हिन्द आत्मा हिंदी दैनिक समाचार-पत्र परिवार ने भी राहुल गोयल को जन्मदिवस पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हैडा विकास खण्ड मुरादनगर गाजियाबाद।

पत्रॉक /सचिव/निविदा/2025–26 दिनांक 17/05/2025

## निविदा सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं, मुख्यमन्त्री पुरुषकार योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो के लिये पंजीकृत ठेकेदारो से सीलबन्द निविदा दिनांक 26/005/2025 की दोपहर 01.00 बजे तक आमत्रित की जाती हैं। निविदा आवेदकों की उपस्थिति में उसी दिन दोपहर 03.30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हैडा विकास खण्ड मुरादनगर गाजियाबाद से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की माप | कार्य की लागत | अर्नेस्ट मनी | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओपन जिम निर्माण | – | 676454 | 13529 | 708 | 3 माह |
| 2 | ओपन जिम के लिये सी0सी0का निर्माण कार्य | – | 536777 | 10725 | 590 | 3 माह |
| 3 | ब्राह्मण समाज के लिये शशान घाट के लिये शवदाह स्थल व मैन गेट का निमार्ण कार्य। | – | 526393 | 10527 | 590 | 3 माह |
| 4 | ब्राह्मण समाज के लिये शमशान घाट के लिये दायी तरफ की बाउण्ड्रीवाल निमार्ण कार्य। | – | 542488 | 10849 | 590 | 3 माह |
| 5 | ब्राह्मण समाज के लिये शमशान घाट के लिये बांयी तरफ की बाउण्ड्रीवाल निमार्ण कार्य। | – | 558779 | 11175 | 590 | 3 माह |
| 6 | हाई मास्क लाईट की स्थापना कार्य | – | 159109 | 3182 | 118 | 1 माह |

नियम व शर्तेः–

1–कार्ययोजना के मार्ग निर्देषों के अनुरूप कार्य कराना अनिवार्य हैं।
2–कार्य की व्यापक जानकारी जनता एवं मा0 जनप्रतिनिधिगण को दी जायें।
3–कार्य से पूर्व, मध्य, एवं बाद में कार्यस्थल की फोटोग्राफ कराई जाये।
4–स्थल पर पूर्ण सूचना के साथ साईन बोर्ड लगाई जाये।
5–कार्य लोक निर्माण विभाग की विषिष्टियों के आधर पर स्वीकृत प्राकलन के अनुसार कराया जाये।
6–कार्य कन्सलटिंग जे0ई0 विकास खण्ड मुरादनगर के तकनीकी निर्देशन के अनुसार किया जाये।

सचिव
ग्राम पंचायत कुम्हैडा
विकास खण्ड मुरादनगर।

### विश्व विख्यात गंगा की आरती में किया सहभाग, गंगा आरती की दिव्यता, भव्यता और परमार्थ निकेतन की आध्यात्मिकता देख फिल्मी सितारे हुये गद्गद

# अभिनेत्री मेधा शंकर-अभिनेता अविनाश तिवारी का परमार्थ निकेतन में आगमन

हिन्द आत्मा संवाददाता





**ऋषिकेश।** प्रसिद्ध अभिनेत्री मेधा शंकर और अभिनेता अविनाश तिवारी का परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश में आगमन हुआ। दोनों कलाकारों ने विश्वविख्यात गंगा आरती में सहभाग किया और आरती की दिव्यता व भव्यता से अभिभूत हो उठे। परमार्थ निकेतन की आध्यात्मिक ऊर्जा, शांत वातावरण और संस्कृति-संरक्षण के प्रयासों से वे गहराई से प्रभावित हुए। स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर उन्होंने आध्यात्मिक जीवन और पर्यावरणीय सरोकारों पर चर्चा की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। गंगा तट पर आरती की ज्योति, मंत्रों की गूंज और आस्था के इस अनुपम दृश्य ने उनके हृदय को गद्गद कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि आज का दिन हमारी सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और जीवन मूल्यों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए समर्पित है। संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं, कलाकृतियों या ऐतिहासिक धरोहरों का भंडार नहीं हैं, बल्कि वे हमारी सभ्यता, धर्म, संस्कार और संस्कृति के जीवित दर्पण हैं। आज के आधुनिक और तेजी से बदलते युग में, जब हमारी सांस्कृतिक विविधता और पहचान कई चुनौतियों का सामना कर रही है, तब संग्रहालय हमें उनका दर्शन कराते हैं।

संग्रहालय हमें हमारे पूर्वजों की अमूल्य धरोहर से जोड़ते हैं। वे हमारी संस्कृति, धर्म और जीवन मूल्यों को संरक्षित रखते हुए हमें इतिहास की गहराई से अवगत कराते हैं। संग्रहालयों में रखी गई कलाकृतियां, दस्तावेज, मूर्तियां, चित्र और शिलालेख हमारे अतीत की कहानियां कहते हैं, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं। जब हम इन धरोहरों को देखते हैं, तो हम केवल अतीत की वस्तुओं को नहीं देखते, बल्कि अपने धर्म, संस्कार और जीवन के मूल्यों को समझते और आत्मसात कर सकते हैं। हमारा धर्म और संस्कृति हमारे जीवन की नींव हैं। वे हमें जीवन के मार्गदर्शन, नैतिकता, और सामाजिक एकता का पाठ पढ़ाते हैं। यदि हम इन मूल्यों को भूल गए या छोड़ दिया, तो हमारी पहचान खो जाएगी इसलिए संग्रहालयों का संरक्षण केवल वस्तुओं की सुरक्षा नहीं, बल्कि हमारे जीवन के संस्कारों और धर्म की रक्षा करना भी है। आज के वैश्वीकरण और तकनीकी युग में, हमारी सांस्कृतिक विविधता संकट में है। युवा पीढ़ी में कई बार अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति उदासीनता देखने को मिलती है। ऐसे में संग्रहालय और सांस्कृतिक संस्थान हमारी संस्कृति के दूत बनकर कार्य करते हैं। वे हमें याद दिलाते हैं कि हमारी परंपराएं और धर्म ही हमारी पहचान हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के इस अवसर पर हम सबको यह संकल्प लेना होगा कि हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को न केवल संग्रहालयों तक सीमित रखेंगे, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस विरासत को समझें, अपनाएं और बढ़ावा दें। धरोहरों की रक्षा करना केवल इतिहास की रक्षा नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों और जीवन मूल्यों की रक्षा करना है। यह हमारी सामाजिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का आधार है।अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आइए हम सब मिलकर अपने धर्म, संस्कृति और जीवन मूल्यों की इस अमूल्य धरोहर को संजोने और संरक्षित करने का संकल्प लें। संग्रहालय हमारी आत्मा के दर्पण हैं, जो हमें अपने इतिहास से जोड़ते हैं और हमारे भविष्य को उज्ज्वल करते हैं। धरोहरों की रक्षा, संस्कारों की रक्षा है। यही हमारा धर्म है, यही हमारी संस्कृति है, और यही हमारा जीवन है।

## पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति रजिस्टर्ड ने ऑपरेशन सिंदूर सफलता पर सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** नगर में पूर्व सैनिक जन कल्याण समिति रजिस्टर्ड के अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व ब्लैक कैट कमांडो के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सैनिकों का सम्मान बढ़ाते हुए नगर में पूर्व सैनिकों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें भारतीय सेना जिंदाबाद के जोर शोर से नारे लगाए गए। रविवार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैनिकों द्वारा जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूर्व सैनिकों द्वारा अपने संगठन नगर अध्यक्ष मनोज शर्मा पूर्व ब्लैक कैट कमांडो के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा लक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए मेजर आसाराम मूर्ति पर जाकर समाप्त हुई। जिसमें भारतीय सैनिकों के सम्मान में जमकर जिंदाबाद के नारे लगाए गए। यात्रा के दौरान मौजूद रहे पूर्व ब्लैक कैट कमांडो मनोज शर्मा, संयोजक लक्ष्मण सिंह राठी, रिशिपाल यादव, सतेंद्र, सोमपाल, ओमपाल तेवतिया, जगत सिंह, ए.पी.गुप्ता, महेश शर्मा, श्रीपाल गादाना, दिनेश त्यागी, विक्रांत राणा, राजपाल शर्मा, जगत सिंह, बलराम, रोहताश, योगराज सिंह, विजय पाल, चमन लाल, विनोद गुप्ता आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## शिव सेवा संघ द्वारा नगला बेर गांव में विधि विधान पूर्वक स्थापित की गई राधा-कृष्ण जी की मूर्ति



**मोदीनगर (हिन्द आत्मा)।** ग्रामीण क्षेत्र स्थित गांव नंगला बेर में शिव सेवा संघ कमेटी द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग से राधा कृष्ण की मूर्ति विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद स्थापित की गई। इस शुभ कार्य में ग्रामीण महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रविवार को शिव सेवा संघ से जुड़े निर्दोष खटाना ने बताया कि भोजपुर ब्लॉक स्थित ग्राम नंगला बेर में मूर्ति स्थापना अवसर पर गांव की सैकड़ो महिलाओं द्वारा मूर्ति परिक्रमा के साथ कलश यात्रा निकाली। जिसमें ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।तत्पश्चात विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करने के पश्चात मूर्ति स्थापित एवं उसकी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसके बाद बड़े स्तर पर प्रसाद वितरण किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित रहे मुख्य लोगों में पवन खटाना, अनिल खटाना, रविंद्र खटाना, संजय खटाना, अमित खटाना, समाजसेवी बबली गुर्जर, राहुल गुर्जर, अनुज शर्मा, कपिल खटाना आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प, हेल्थ चेकअप एवं मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का आयोजन






**गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट द्वारा जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल इंदिरापुरम में हेल्थ चेकअप और मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप रोटरी वरदान ब्लड बैंक के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैम्प, धर्मशिला हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं मेमोग्राफी टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें इंट्रेक्ट क्लब ऑफ जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल इंदिरापुरम एवं रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार से पूर्व अध्यक्ष रो. सुशील चंडक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजी अशोक अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रो. अनूप गुप्ता रहे। जेकेजी स्कूल ऐसे कैम्प का आयोजन हर छः महीने में करता है, जिसका उद्देश्य समाज कल्याण करना तथा विद्यालय के छात्रों के अंदर समाज सेवा की भावना जागृत करना है इंटरेक्ट क्लब ने पूरे सप्ताह ब्लड डोनेशन पर नुक्कड़ नाटक, रैली, जागरूकता अभियान आदि का आयोजन किया। जिसके फलस्वरूप कैम्प में आज 35 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया, जो कि अब तक हुए रक्तदान में सबसे अधिक रहा। 68 हेल्थ चेकअप एवं 25 महिलाओं का मेमोग्राफी टेस्ट कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन रो. जे. के. गौड़, पीजीडी अशोक अग्रवाल, रो. सुरेन्द्र शर्मा क्लब अध्यक्ष रो. वरुण गौड़, प्रधानाचार्या निधि गौड़, रो. सुशील चंडक, रो. सुनील जिंदल, रो. दिव्या क्रिश्नात्री, रो. अजय कुमार अग्रवाल, रो. मनीष गर्ग, रो. वैभव जैन, रो. उज्जवल अग्रवाल, रो. अंकित अग्रवाल, रो. अश्वनी शर्मा आदि उपस्थित रहे। चेयरमैन रो. जे.के. गौड़ ने कहा कि रक्त दान महादान है और एक इंसान एक यूनिट रक्त देकर तीन व्यक्तियों को जीवन दान देता है और रक्तदान करने से स्वयं भी स्वस्थ रहता है। विद्यालय के डायरेक्टर वरुण गौड़ एवं प्रधानाचार्या निधि गौड़ ने भी रक्तदान किया। ब्लड डोनेशन कैंप में रोटरी क्लब इंटरेक्ट क्लब टीचर इंचार्ज ज्योत्सना, इंट्रेक्ट क्लब सदस्य अक्षिता रावत, उर्वी सिंह, सोमप्रिया श्रीवास्तव, प्रज्ञा कंसल, वैभव, निशांत रितेश, पर्निका, हिया आदि उपस्थित रहे।

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय में एडीएम सिटी गंभीर सिंह द्वारा प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान

हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाजियाबाद।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने बड़े उत्साह और गरिमा के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान और शिक्षण के महत्व का प्रतीक है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह किया गया।

माननीय कुलपति प्रो. डॉ. डी.के. शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक न केवल ज्ञान का प्रसार करते हैं बल्कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण भी करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी गंभीर सिंह ने कार्यक्रम में शिक्षा प्रणाली की प्रगति और शिक्षकों की जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए। उन्होंने आधुनिक शिक्षण तकनीकों और नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों को सराहते हुए उनके सतत विकास के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान था, जिसमें विभिन्न संकायों के शिक्षकों को उनकी निष्ठा, योगदान और उत्कृष्ट शिक्षण पद्धतियों के लिए सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए इस सम्मान ने सभी शिक्षकों को प्रेरित किया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। समारोह का समापन माननीय प्रो-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया और इस समारोह को सफल बनाने में सभी के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों, अतिथियों और छात्रों ने अनौपचारिक बातचीत का आनंद लिया। एचआरआईटी विश्वविद्यालय का यह शिक्षक सम्मान समारोह शिक्षकों के योगदान को पहचानने और उन्हें प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा ताकि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा मिल सके।

### महामंडलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी महाराज के पावन सानिध्य में शहीद सैनिकों व पहलगाम के पर्यटकों की आत्मिक शांति हेतु पुष्पांजलि अर्पित की गई

# देश की सेना के पराक्रम को आज पूरा विश्व सलामी दे रहा है: श्री राम कृष्ण दास महात्यागी महाराज

हिन्द आत्मा संवाददाता




**नई दिल्ली।** सिद्धपीठ श्री सीताराम संत सेवा मंदिर व गौशाला द्वारा रविवार को कडकडडूमा कोर्ट के सामने एजीसीआर एंक्लेव स्थित सामुदायिक भवन में महामंडलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी महाराज के पावन सानिध्य में उनके जन्मोत्सव पर युद्ध में देश के लिए शहीद हुए सैनिकों व पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मिक शांति हेतु पुष्पांजलि सभा व विराट संत समागम का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि सभा व विराट संत समागम के मुख्य अतिथि अनंत विभूषित श्री श्री 1008 श्री राम कृष्ण दास महात्यागी महाराज रहे व अध्यक्षता सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर गाजियाबाद के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने की। श्री श्री 1008 श्री राम कृष्ण दास महात्यागी महाराज ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना ने जो पराक्रम व शौर्य दिखाया, उसे आज पूरा विश्व सलामी दे रहा है।

पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमला करते समय यह भूल गया कि यह भगवान राम व भगवान कृष्ण की धरती है। जो भी इस पर अपनी नापाक दृष्टि डालेगा वह खत्म हो जाएगा। इस धरती पर ऐसे ऋषि-मुनियों ने जन्म लिया, जिन्होंने अधर्म, अन्याय व आतंक को खत्म कर धर्म, न्याय व सदाचार की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। आज जब देश पर पाकिस्तान अपनी गलत नजर डालने का प्रयास कर रहा है तो भी संत आगे आकर उसके आतंक का खात्मा करेंगे। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर पूरी मानवता को ही कलंकित कर दिया था। देश के ऋषि समान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत इसका बदला पाकिस्तान में वर्षो से चल रहे आतंकी अडडों को ध्वस्त करके ले लिया। पाकिस्तान ने भारत पर हमला करने की कौशिश की तो हमारे देश के जाबांज सैनिकों ने उसे नाकाम करते हुए पाकिस्तान के 11 एयरबेस को ही नेस्तनाबूद कर दिया। पाकिस्तान की हालत हमारे देश के जाबांज सैनिकों ने ऐसी कर दी कि उसे युद्ध विराम के लिए घुटनों पर आकर गिडगिडाना पडा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को साफ चेतावनी दे दी है कि यदि अब पाकिस्तान ने कोई आतंकी हमला किया तो उसे ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि उसका नामोनिशान तक मिट जाएगा। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी महाराज समाज व देश के कल्याण के लिए यज्ञ, अखंड रामायण पाठ, श्रीमद भागवत कथा कराकर सनातन धर्म को मजबूत करने के साथ देश-विदेश में उसका परचम फहरा रहे हैं। अब जब पाकिस्तान ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या की और भारत ने उसे ऑपरेशन सिंदूर से उसका बदला लेकर उसे बता दिया कि सिंदूर की कीमत क्या है तो देश के वीर सैनिकों के सम्मान में उन्होंने अपना ऋषि धर्म निभाते हुए यह आयोजन कर साबित कर दिया है कि जब भी देश पर संकट आएगा तो संत उसका मुंकाबला करने के लिए सबसे आगे रहेंगे।

**Name Change**

I, HAVE changed my name from Abhay Kumar Goyal to Abhay Kumar Goel S/o Mahesh Chand Goel, R/o H.No. 21, Kacheri Road, Gyan Lok, Hapur, UP-245101, for all future purposes.

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद**
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक नोटिस**

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | आवंटी/पट्टेदार का नाम | भूखण्ड सं0/ योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री सुखबीर सिंह पुत्र स्व. श्री कालीदास व श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री सुखबीर सिंह | आर-10/136 राजनगर | श्री सुधीर कुमार शर्मा व श्री विनय कुमार शर्मा पुत्रगण स्व. श्री सुखबीर सिंह | आर-10/136, राजनगर, गाजियाबाद 7011572289 | आवंटी श्री सुखबीर सिंह व श्रीमती राजकुमारी का देहान्त दिनांक 09.08.2024 व 13.01.2023 को होने के कारण | फ्री-होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण/नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

# अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान की सफलता हेतु महानगर में हुआ कार्यशाला का आयोजन





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत महानगर कार्यशाला का आयोजन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में शहर विधायक संजीव शर्मा, बलदेव राज शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, ब्लॉक प्रमुख मोनिका चौधरी, राजीव त्यागी, संजय कश्यप, राहुल चौधरी आदि मंचासीन रहे। कार्यशाला में महानगर पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मॉनिटरिंग टीम, स्मृति अभियान संयोजक, सह संयोजक एवं मीडिया, सोशल मीडिया विभाग आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है और यह त्रिशताब्दी वर्ष भाजपा शासनकाल में आना गौरव की बात है। 21 मई से 31 मई तक महारानी होलकर की महानता को समर्पित अभियान को समाज के हर वर्ग तक संगठन की तय टीम द्वारा पहुंचाया जाएगा और उनके कार्यकलापों को आदर्श मानकर धरातल पर कार्य किया जाएगा। कार्यशाला में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह कार्यशाला अभियान को दिशा देने का कार्य करेगी और इसे स्मृति अभियान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

# एनटीपीसी दादरी में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

## 16 से 31 मई तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा




**दादरी (हिन्द आत्मा)।** एनटीपीसी दादरी में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ 16 मई को हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक भवन, आरएलआई एवं एनसीपीएस अस्पताल में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने हेतु संकल्प लिया। यह पखवाड़ा 16 मई से 31 मई 2025 तक मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्लांट परिसर, टाउनशिप एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, रचनात्मक प्रतियोगिताएं तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ कार्यस्थल एवं स्वच्छ समाज की दिशा में सार्थक योगदान देना है। इस अवसर पर गुरु प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), गिरीश चंद्र त्रिपाठी, महाप्रबंधक (आरएलआई), एन. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (यूएफएससी - वित्त कोषागार) एवं आर. पी. सिंह, कमांडेंट (सीआईएसएफ) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# आपदा से बचाव हेतु आवश्यकता पड़ने पर आपसी सामंजस्य बनाए रखने के लिए 12 सेवा ऑफिसर कमांडिंग नियुक्त

हिन्द आत्मा संवाददाता




**गाजियाबाद।** भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशालय अग्नि शमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक, नई दिल्ली तथा प्रमुख सचिव नागरिक सुरक्षा अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं को आद्धविधिक किए जाने के निर्देश के क्रम में वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत आपात स्थिति में आपदा से बचाव हेतु आवश्यकता पड़ने पर आपसी सामंजस्य बनाए रखने के लिए दुर्गावती सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं ऑफिसर कमांडिंग के कमान अधिकारियों 1.मुख्यालय सेवा-जिला मजिस्ट्रेट/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा, वार्डन सेवा-चीफ वार्डन, हताहत सेवा-मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संचार सेवा- उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा, प्रशिक्षण सेवा उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा अग्नि शमन सेवा-मुख्य अग्नि शमन अधिकारी, कल्याणकारी सेवा-मुख्य विकास अधिकारी, आपूर्ति सेवा-जिला पूर्ति अधिकारी, बचाव सेवा-अधिशासी अभियंता पी. डब्लू. डी., डिपो एवं ट्रांसपोर्ट सेवा-संभागीय परिवहन अधिकारी, साल्वेज सेवा-एस.डी.एम. सदर, शव निस्तारण सेवा-वरिष्ठ नगर स्वास्थ अधिकारी नगर निगम के अतिरिक्त चार आवश्यक सेवाओं कानून व्यवस्था-डीसीपी, विद्युत व्यवस्था-अधिशासी अभियंता, जल व्यवस्था-महाप्रबंधक, जल निगम, सीवर-महाप्रबंधक, जल निगम के गठन की जरूरत को रेखांकित किये गए।

गृह मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार सैनिक कल्याण बोर्ड से भूतपूर्व सैनिकों को सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन करने हेतु पत्राचार करने जिससे उनके अनुभव का लाभ उठाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में विभिन्न आपदा के समय उपयोग होने वाले संसाधनों की विभागवार और इंडस्ट्री में उपलब्धता की सूची बनाने और अधिक से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने का भी निर्देश दिए गए तथा सभी आपात स्थानों को चिन्हित करते हुए सूची बनाने के भी निर्देश दिए गए। सभी 12 आवश्यक सेवाओं के कमान अधिकारी अपने अपने विभाग में स्वयं की अध्यक्षता में चार सक्षम पदेन सदस्यीय समन्वय समिति का भी गठन कर जिलाधिकारी कार्यालय को सूचित करेंगे। रविन्द्र प्रताप उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वार नागरिक सुरक्षा की 12 सेवाओं के कमांडिंग ऑफिसर्स को उनके संबंधित कार्यों को विस्तारपूर्वक बताया गया तथा आपात स्थिति और सामान्य स्थिति में नागरिक सुरक्षा के महत्व को भी बताया गया।सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद की स्थापना, वार्डन सेवा की संरचना और सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना भारतीय सेना के शौर्य के नाम पर, देश और 144 करोड़ जनता को भ्रमित करना है

# केन्द्र सरकार की हर मोर्चे पर विफलता से ध्यान भटकाने के लिए निकाली जा रही है तिरंगा यात्रा: वीरेन्द्र यादव

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट गाजियाबाद ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना भारतीय सेना के शौर्य के नाम पर, देश और देश के 144 करोड़ जनता को भ्रमित करना है। भाजपा का उद्देश्य इस देश के सामने मुंह बाये खड़े ज्वलंत मुद्दों, बेतहाशा बढ़ती महंगाई, अभी-अभी 50 रुपये प्रति घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ना, बेरोजगारी, नवजवानों की कुंठा, भ्रष्टाचार, अन्याय, अनाचार और केन्द्र सरकार की हर मोर्चे पर विफलता से ध्यान भटकाने के लिए निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा सोची, समझी साजिश है, पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हृदय विदारक हत्या से माताओं, बहनों और बच्चों को अपार पीड़ा और दर्द देने वाले दोषियों को जो चिन्हित आतंकी है। उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही सफल न होना, आतंकियों की गोली से भून दिये गये भाइयों की निर्मम हत्या हो जाने पर भी उन्हें शहीद घोषित न करना बेहद शर्मनाक है, हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है। पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में हमारे जवानों की जान चली गयी, देश स्तब्ध है, उन्हें भी शहीद का दर्जा व उनके परिवार को अधिक से अधिक आर्थिक मदद की जाए। केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए तिरंगा यात्रा निकालना शर्मनाक और अनुचित और देश की जनता को दिग्भ्रमित करने वाला है, लोकतंत्र को मजबूत करने और संवैधानिक संस्थाओं और संविधान की गरिमा के लिए तिरंगा यात्रा भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम में शामिल ही नहीं है जिस विचार धारा ने 52 वर्ष तक अपने मुख्यालय पर तिरंगा झन्डा नहीं फहराया और जब देश के स्वतंत्रता सेनानी, वीर बलिदानी अंग्रजों की गुलामी से भारत को मुक्त कराने के लिए जेलों की यातनाएं झेल रहे थे, सडकों पर संघर्ष कर रहे थे, फांसी के फन्दों को चूम रहे थे, उस समय इन्हें तिरंगा याद नहीं था, आज तिरंगा यात्रा निकालने वाली विचारधारा, अंग्रेजों के विरोध में एक शब्द भी नहीं बोलती थी, बल्कि उनकी मदद कर रहे थे, आज यह लोग केवल सरकार की नाकामी को छिपाने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए आतंकियों द्वारा जान गंवाने वाले लोगों के नाम राजनीति कर रहे हैं, उनके प्रति इनके मन में कोई सहानुभूति नहीं है, यह बेशर्मी को दशार्ता है।

तिरंगा यात्रा में जनता का शामिल न होना यात्रा की विफलता की कहानी बयान कर रहा है, भारतीय जनता पार्टी ने अब तक कोई भी प्रेरणादायक कार्य नहीं किया जिसे इनकी उपलब्धि कहा जाय, जाति-धर्म में देश को लडाना इनकी उपलब्धि, नोटबंदी, जीएसटी, बेकारी, बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार इनकी विफलता की कहानी कह रहे है, दूसरे देश की मध्यस्तता हमारी संप्रभुता पर सवालिया निशान है, और भ्रष्टाचार से जनता बेहाल है, तिरंगा यात्रा ध्यान भटकाने का कमाल है।

# 20 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा जीवन आशा हॉस्पिटल का छठवॉ स्थापना दिवस

## 15 से 20 मई तक चल रहा है कैंसर रोगियों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर








हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** जीवन आशा अस्पताल एवं पुनर्वास केंद्र के छठवें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के आशीर्वाद से 15-20 मई तक कैंसर रोगियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। 20 मई को धूमधाम से जीवन आशा हॉस्पिटल का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं केंद्रीय मंत्री बी.एल. वर्मा खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री के उपस्थित रहने की भी पूर्ण संभावना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह मूल नायक श्री मंशापूर्ण महावीर स्वामी का अभिषेक एवं विश्व शांति हेतु महाशांति धारा होगी। इसके उपरांत चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, ल्लमंगलाचरण, डॉक्टरों एवं सम्मानित अतिथियों का परिचय एवं सम्मान के उपरांत आचार्य श्री सौरभ सागरजी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। यह जानकारी जैन समाज के प्रवक्ता अजय जैन व जीवन आशा हॉस्पिटल के चेयरमैन संजय जैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने आगे बताया कि सौरभ सागर सेवा संस्थान द्वारा संचालित जीवन आशा अस्पताल ने पिछले छह वर्षों में जनसेवा के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 20 मई को अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए उपचार सेवाओं का शुभारंभ किया जाएगा जो संस्थान की ओर से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया और सराहनीय कदम होगा। जीवन आशा अस्पताल की पहचान एक चैरिटेबल हॉस्पिटल के रूप में है, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के इलाज और कृत्रिम अंगों के निर्माण व निःशुल्क वितरण के लिए समर्पित है। पिछले 6 वर्षों में अभी तक कई हजार दिव्यांगों को कृत्रिम अंग निःशुल्क वितरित किए जा चुके हैं।जिसका दिव्यांगों ने लाभ उठाकर विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन किया है। अस्पताल में विभिन्न रोगों जैसे हड्डी रोग, नेत्र, दंत, श्वसन, बाल एवं स्त्री रोग, हृदय रोग आदि की ओपीडी सेवाएं रियायती शुल्क पर नियमित रूप से उपलब्ध हैं। संस्थान ने इस वर्ष से 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवा शुरू करने की योजना भी घोषित की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में रोगियों को तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके। संस्थान का उद्देश्य- सेवा ही धर्म है के आधार पर लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है। यह सब आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज की प्रेरणा से ही संभव हो पा रहा है।

**कार्यक्रम 20 मई 2025**
**प्रात: 6:15 से शुभारंभ**

सर्वप्रथम श्रीजी का अभिषेक एवं महाशांति धारा, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण, कैंसर विंग का उद्घाटन, सम्मानित अतिथियों का परिचय एवं सम्मान, आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के मंगलमयी आशीष वचन तदोपरांत स्वरुचि भोजन की व्यवस्था रहेगी।

# नॉर्दर्न रेलवे महाप्रबंधक ए.के. वर्मा ने किया मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य का औचक निरिक्षण




हिन्द आत्मा संवाददाता

> निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर के बाहरी साइड में पानी भरा देख महाप्रबंधक एके वर्मा काफी नाराज हुए

**मोदीनगर।** नॉर्दर्न रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. वर्मा दिल्ली से सहारनपुर जाते हुए मोदीनगर रेलवे स्टेशन पर अचानक रुके जहां उन्होंने रेलवे स्टेशन पर चल रहे जीर्णोद्धार कार्य सहित पूरे स्टेशन परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। शनिवार को नॉर्दर्न रेलवे महाप्रबंधक एके वर्मा द्वारा रेलवे स्टेशन पर किए गए औचक निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर के बाहरी साइड में पानी भरा देख महाप्रबंधक एके वर्मा काफी नाराज हुए उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को जमकर लताड़ लगाते हुए आदेश दिए की पानी भरे स्थान को तोड़ने के बाद ऊंचा कर दोबारा से बनाया जाए यहां किसी हालत में पानी नहीं भरना चाहिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा भूपेंद्र पुरी के सामने रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज को बढ़ाने सहित टिकट विंडो दूसरी साइड भी खोलने की मांग रखी जिस पर नॉर्दर्न रेलवे महाप्रबंधक ने अधिकारियों को तुरंत समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। महाप्रबंधक ए.के.वर्मा सुबह 9 बजे दिल्ली से सहारनपुर के लिए रवाना हुए थे जो करीब 10 बजे यहां पहुंचे उनके साथ डिप्टी जीएम पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी मौजूद रहे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए ए.के. वर्मा ने बताया कि स्टेशन जीर्णोद्धार का कार्य लगभग दो महा में पूरा हो जाएगा। हापुड़ रोड फ्लाई ओवर विषय पर पूछे गए सवाल पर उन्हें कहा कि फ्लाइओवर स्वीकृत हो जाने के बाद उसका बजट भी पास हो गया है इस सारे मामले को में देखूंगा। लोगों ने उनसे देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन, दिल्ली सहारनपुर ट्रेन को रुकवाने के लिए अनुरोध भी किया।

# नेहरुवर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

## कार्यक्रम में 'माँ-पा कम सून' की कहानी ने झकझोरा अभिभावकों का दिल

हिन्द आत्मा संवाददाता






**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में शनिवार को धूमधाम के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा चार व छह तक के लगभग 130 छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम दो पारियों में संपन्न हुआ। विद्यालय की एग्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने अपने स्वागत भाषण से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि इस समारोह के माध्यम से विद्यालय के छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, सहनशीलता और आपसी सहयोग की भावना का विकास हुआ। समारोह को मुख्य अतिथि डॉ. गुंचा अरोरा मोहन रहीं। समारोह के प्रारंभ में छात्रों ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें विद्यालय की सफलताओं का उल्लेख किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण उसकी कहानी 'माँ-पा कम सून' रही, जो विजय तेन्दुलकर रचित 'बॉबी की कहानी' से प्रेरित रही। कहानी को अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया। नाटक की कहानी यथार्थ के धरातल पर खड़ी होकर उन सभी अभिभावकों को संदेश देती है जो अपने लक्ष्य और सपनों को साकार करने की इच्छा के रहते अपने ही बच्चों की कोमल भावनाओं से अनभिज्ञ रहते हैं। ऐसे में वह बच्चा अकेलेपन का शिकार होकर अपनी अलग दुनिया बनाने की कोशिश करता है। वह सपनों की दुनिया में रहकर बाहरी वातावरण से भी अपना सामंजस्य नहीं बिठा पाता है। अपनी गलती का एहसास होने पर माता-पिता उसे स्वयं से जोड़ने में सफल हो जाते हैं। यह प्रस्तुति अभिनय व संगीत का मिश्रण थी। मंच पर सभी छात्रों ने अपने मार्मिक अभिनय से सभी के दिलो को झकझोर दिया। मोहक नृत्यों ने इस प्रस्तुति में जान डाल दी। कार्यकम के अन्त में डायरेक्टर डॉ. अरुणाभ सिंह ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथिगणों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, छात्रों के अभिनय की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित आगन्तुकों ने छात्रों के अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।